## चौराहा सौंदर्यीकरण घोटाले की जांच शुरू, निर्माण से जुड़े दस्तावेज तलब

# 25.46 लाख की गड़बड़ी का मामला

नगर निगम में चौराहा सौंदर्यीकरण के नाम पर हुए करोड़ों रुपए के घोटाले की आखिरकार जांच शुरू कर दी गई है। मंगलवार को रीवा आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ईओडब्ल्यू की टीम डीएसपी प्रभा किरण किरो के नेतृत्व में निगम कार्यालय पहुंची।

सतना।

टीम ने इंजीनियरों और अधिकारियों से निर्माण कार्यों से जुड़े सभी दस्तावेज मांगे। इस मामले में ईओडब्ल्यू पहले ही वर्ष 2023 में एफआईआर दर्ज कर चुकी है।

### 10 लोगों पर दर्ज है केस

घोटाले में नगर निगम इंजीनियर मुकेश चतुर्वेदी,रोजल सिंह,केपी शर्मा,आरपी सिंह,नागेंद्र सिंह, सहायक आयुक्त महेश कोरी,ठेका कंपनी यूबर्ती इंजीनियर्स,मैसर्स विकास एवं अन्य सहित 10 लोगों पर केस दर्ज किया गया था। इनके खिलाफ धारा 420,409,120-बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1)(ए) व 13(2) के तहत प्रकरण दर्ज है। जांच में अब तक करीब 25 लाख 46 हजार 414 रुपए की गड़बड़ी सामने आई है।



### पार्षदों ने लगाया था भ्रष्टाचार का आरोप

नगर निगम पर भ्रष्टाचार का आरोप सबसे पहले पार्षदों ने लगाया था। वर्ष 2019 में शहर के प्रमुख चौराहों-पन्नीलाल चौक,लालता चौक,सिविल लाइन चौराहा और धवारी चौराहा पर सौंदर्यीकरण कार्य कराया गया था। इनमें मूर्तियां लगाना,फव्वारे बनवाना और सेल्फी प्वाइंट तैयार करने जैसे काम शामिल थे। बताया गया कि इनमें कहीं 20 लाख,कहीं 40 लाख और कहीं 80 लाख तक की राशि खर्च दिखाई गई, जबकि हकीकत में उतना खर्च हुआ ही नहीं। आरोप है कि करोड़ों रुपए का गोलमाल किया गया।

### शिकायतों के बाद भी निगम प्रशासन ने नहीं लिया एक्शन

पार्षदों ने इस घोटाले की जांच की मांग कई बार एमआईसी की बैठकों में उठाई और निगम आयुक्त व अन्य अधिकारियों से शिकायत की। लेकिन निगम प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद एक आरटीआई एक्टिविस्ट ने भी मामला उठाया।

### ईओडब्ल्यू ने जब्त किए दस्तावेज

मंगलवार को कार्रवाई के दौरान टीम ने नगर निगम इंजीनियर सिद्धार्थ सिंह के चैंबर में पहुंचकर निर्माण कार्यों से जुड़े दस्तावेज जब्त किए।कलेक्टर दफ्तर तक पहुंचे इस मामले की जांच अब तेज हो गई है और आरोपी अधिकारियों पर कार्रवाई की संभावना बढ़ गई है।

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने दी सफाई-कहा, प्रेमानंद के लिए कोई अभद्र टिप्पणी नहीं की, लेकिन चमत्कार को नमस्कार नहीं करता



सतना।

संस्कृत भाषा और धार्मिक विमर्श को लेकर बीते दिनों उठे विवाद के बीच जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने अपनी सफाई पेश की। उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रेमानंद महाराज के लिए कोई अभद्र टिप्पणी नहीं की है वह उनके बालक जैसे हैं। यह सफाई उन्होंने अपने चित्रकूट स्थित तुलसी पीठ आश्रम से दी है। दरअसल,दो दिन पहले रामभद्राचार्य का वीडियो सामने आया था,जिसमें उन्होंने प्रेमानंद महाराज को संस्कृत बोलने और श्लोकों का अर्थ समझाने की चुनौती दी थी। इस बयान पर प्रेमानंद महाराज के अनुयायियों ने नाराजगी जताई थी। मामला तूल पकड़ने के बाद अब जगद्गुरु ने सफाई दी है। उन्होंने कहा आज सनातन धर्म पर चारों ओर से आक्रमण हो रहे हैं। हिंदुओं को एकजुट होने की जरूरत है। हमने पांच सौ साल की लड़ाई लड़ी और राम मंदिर पाया। उन्होंने कहा कि ने प्रेमानंद जी के लिए कोई अपमानजनक टिप्पणी नहीं की।हां मैं चमत्कार को नमस्कार नहीं करता। एक आचार्य होने के नाते मैं सबको कहता हूं कि संस्कृत का अध्ययन करना चाहिए। हर हिंदू को संस्कृत पढ़नी चाहिए। आज भी मैं 18-18 घंटे पढ़ता हूं। मेरे लिए जो भ्रम फैलाया जा रहा है,वह गलत है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने अपने शिष्य धीरेंद्र शास्त्री को भी संस्कृत पढ़ने और ज्ञान अर्जित करने की सलाह दी है। अंत में उन्होंने प्रेमानंद महाराज के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि वे उनके स्वास्थ्य और दीर्घायु की लगातार कामना करते हैं।

## डॉक्टर ने फैलाया लूट का झूठा प्रोपेगेंडा, पुलिस जांच में खुली पोल

सतना।

शहर के एक प्रतिष्ठित डॉक्टर ने लूट की झूठी कहानी रचकर न सिर्फ पुलिस का समय बर्बाद किया,बल्कि तीन निर्दोष लोगों को भी मुसीबत में डाल दिया।यह घटना तब सामने आई जब पुलिस ने मामले की गहनता से जांच की और पाया कि डॉक्टर ने नशे में गाड़ी चलाते हुए एक वाहन को टक्कर मार दी थी,जिसके बाद उन्होंने घटना को छिपाने के लिए लूट का मनगढ़ंत आरोप लगा दिया। मामला तब शुरू हुआ जब डॉक्टर साहब ने एक स्थानीय नेता को बताया कि उनके साथ लूट हुई है। नेताजी ने तत्काल पुलिस को इस बारे में सूचित किया और रिपोर्ट दर्ज करने का दबाव बनाया।पुलिस ने नेताजी को आश्वस्त किया कि रिपोर्ट जरूर दर्ज की जाएगी,लेकिन उससे पहले घटना की पूरी जांच करना आवश्यक है।पुलिस ने जब जांच शुरू की तो कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। पुलिस को पता चला कि जिस रात डॉक्टर ने लूट का आरोप लगाया था,उस रात वे शहर के सिमरिया चौक स्थित एक अवैध बियर बार से शराब पीकर निकले थे। नशे की हालत में गाड़ी चलाते हुए उन्होंने टॉकीज के पास एक कार को टक्कर मार दी।अपनी गलती और नशे की पोल खुलने के डर से डॉक्टर ने गाड़ी में सवार तीन लोगों पर ही लूट का आरोप लगा दिया। पुलिस ने जल्दबाजी में उन तीनों निर्दोष लोगों को पकड़ लिया और थाने में बैठा लिया। जब पुलिस ने डॉक्टर को थाने बुलाकर लिखित रिपोर्ट दर्ज करने को कहा,तो डॉक्टर साहब थाने नहीं पहुंचे। उनका बार-बार टाल-मटोल करना पुलिस के शक को और गहरा कर गया। पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज और चश्मदीद गवाहों से पूछताछ की,तो डॉक्टर की कहानी में कई झोल मिले।अंत में यह साफ हो गया कि लूट की कोई घटना हुई ही नहीं थी,बल्कि डॉक्टर ने अपनी गलती छिपाने के लिए यह झूठा प्रपंच रचा था। इस घटना के बाद अब डॉक्टर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस ने तीनों निर्दोष लोगों को रिहा कर दिया है और अब झूठी शिकायत दर्ज कराने के लिए डॉक्टर पर कार्रवाई की तैयारी कर रही है। यह मामला दिखाता है कि कैसे एक प्रतिष्ठित व्यक्ति भी अपनी गलती छिपाने के लिए कानून का दुरुपयोग कर सकता है। इस घटना ने शहर में चर्चा का विषय छेड़ दिया है और लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि क्या ऐसे लोगों को उनके पद और प्रतिष्ठा के कारण छूट मिलनी चाहिए। यह खबर सोशल मीडिया पर भी तेजी से फैल रही है,और लोग डॉक्टर के इस कृत्य की कड़ी आलोचना कर रहे हैं।

## महापौर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



सतना।

नगर निगम के जनसुनवाई हाल में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें और सुझाव लेकर पहुंचे। महापौर ने सभी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। इस जनसुनवाई में डिप्टी कमिश्नर सत्यम मिश्रा और कार्यपालन यंत्री आर.पी.सिंह भी मौजूद थे। नागरिकों ने मुख्य रूप से पेयजल आपूर्ति,खराब सड़कों की मरम्मत,जल निकासी,सफाई व्यवस्था और स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं को उठाया। महापौर ताम्रकार ने जनता को भरोसा दिलाया कि नगर निगम उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जनसुनवाई के दौरान कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया,जबकि बाकी समस्याओं को जल्द से जल्द हल करने का आश्वासन दिया गया। महापौर ने कहा कि वे जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हैं और उनका उद्देश्य एक बेहतर और स्वच्छ शहर बनाना है। उन्होंने नागरिकों से भी सहयोग की अपील की ताकि शहर को और बेहतर बनाया जा सके।

## रामपथ गमन नौगवां में ऑटो दुर्घटना, तीसरा घायल सुबह मिला

सतना।

उंचेहरा थाना क्षेत्र में रामपथ गमन नौगवां के पास बीती रात एक ऑटो का एक्सीडेंट हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से दो घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया,जहां उनका इलाज चल रहा है। हालांकि,तीसरा घायल व्यक्ति दुर्घटनास्थल से कुछ दूरी पर पड़ा हुआ था और रात के अंधेरे में किसी की नजर उस पर नहीं पड़ी। सुबह जब ग्रामीण वहां से गुजरे तो उन्होंने घायल व्यक्ति को देखा। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना से यह सवाल उठता है कि रात के समय दुर्घटनाओं के बाद पूरी तरह से जांच क्यों नहीं की जाती। पुलिस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दुर्घटनास्थल पर कोई घायल तो नहीं रह गया है। इस घटना ने एक बार फिर से रात के समय सुरक्षा और बचाव कार्यों की कमियों को उजागर किया है। फिलहाल,पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायलों के परिजनों को सूचित किया जा रहा है।



## धूमधाम से मनाया गया हरितालिका तीज का पर्व



सतना।

हरितालिका तीज का पावन पर्व मंगलवार को शहर भर में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की कामना के लिए व्रत रखा और भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। महिलाओं ने नए वस्त्र और आभूषण धारण कर भगवान शिव और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा की। पूजा के लिए विशेष रूप से रेत से शिवलिंग और माता पार्वती की प्रतिमा बनाई गई, जिन्हें फूल-पत्तियों और श्रृंगार सामग्री से सजाया गया। इस दौरान महिलाओं ने निर्जला व्रत रखते हुए तीज की कथा सुनी और रात भर जागरण कर भजन-कीर्तन किए। कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ,जिसमें लोकगीतों और पारंपरिक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। तीज का यह पर्व प्रकृति के साथ महिलाओं के गहरे जुड़ाव को भी दर्शाता है। यह पर्व नारी शक्ति,आस्था और भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा को प्रतिबिंबित करता है।

### बदलते मौसम से बढ़ रहे वायरल फीवर के मरीज

**मैहर।** मौसम के लगातार बदलाव के कारण वायरल फीवर के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अस्पताल में आने वाले ज्यादातर मरीज वायरल फीवर से पीड़ित हैं। डॉक्टरों के अनुसार,इस बार का वायरल 4-5 दिनों के बजाय 10 से 15 दिनों तक चल रहा है और पूरी तरह से ठीक होने में 20 दिन तक का समय लग रहा है। इस नए वायरल के लक्षणों में तेज सिरदर्द,जोड़ों और कमर में दर्द,थकान, और सर्दी-जुकाम शामिल हैं। बच्चों में वायरल के साथ-साथ डायरिया के लक्षण भी दिख रहे हैं। डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि वे वायरल से बचने के लिए मास्क पहनें,भीड़ से बचें,और साफ-सफाई का ध्यान रखें।

## खाद न मिलने से परेशान किसानों ने किया चक्काजाम

सतना।

खाद की कमी से परेशान किसानों ने एक बार फिर चक्काजाम कर अपना विरोध दर्ज कराया। सिविल लाइन क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसान इकट्ठा हुए और उन्होंने सड़क जाम कर दी। किसानों का आरोप था कि उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल रही है,जिससे उनकी फसलों पर बुरा असर पड़ रहा है।

चक्काजाम की सूचना मिलते ही एसडीएम राहुल सिलड़िया और सिविल लाइन टीआई योगेंद्र सिंह परिहार मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। एसडीएम ने किसानों को आश्वासन दिया कि प्रशासन जल्द से जल्द खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि वे संबंधित अधिकारियों से बात कर रहे हैं ताकि किसानों को परेशान न होना पड़े। टीआई योगेंद्र सिंह परिहार ने किसानों को शांति बनाए रखने और सड़क से जाम हटाने के लिए समझाया।काफी देर तक चली बातचीत के बाद किसानों ने उनकी बात मान ली और जाम खोल दिया। इस घटना से यह साफ है कि जिले में खाद की आपूर्ति अभी भी एक बड़ी समस्या है,जिसका समाधान तुरंत किए जाने की जरूरत है।किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ तो वे फिर से आंदोलन करेंगे।



## कांग्रेस सेवा दल ने मनाई डॉ. हार्डिकर की पुण्यतिथि



**मैहर।** कांग्रेस सेवा दल के संस्थापक और स्वतंत्रता सेनानी डॉ.एन.एस.हार्डिकर की पुण्यतिथि मनाई गई।कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता रमापति गौतम,पूर्व प्रत्याशी मनीष पटेल,ब्लॉक अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने डॉ.हार्डिकर को श्रद्धांजलि दी।इसके बाद,मैहर सिविल अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गए। इस मौके पर ऋषिकेश पांडे,मुकेश सेन,सुषमा अर्जरिया,पुष्पराज सिंह,सुनील कोरी और अन्य स्थानीय कांग्रेस नेता भी उपस्थित रहे।

**NAME CHANGE**

Anand Kumar Jotwani, father Shri Sadhuram Jotwani, age 45 years, resident of Lalta Chowk Satna, Tehsil Raghurajnagar, District Satna, Madhya Pradesh, hereby declare under oath that :- My daughter **Kamya Jotwani** has passed the class 10th examination from Christukala Mission Ha School Satna in the academic session 2024, in whose mark sheet the name of the father is recorded as **Anand Jotwani.** My daughter Kamya Jotwani is a regular student of class 12th from Christukala Mission Ha School Satna in the academic session 2025-26, whose father's name is recorded as **Anand Jotwani** in the school records. My name is recorded as **Anand Kumar Jotwani** in my records. my name being different in my records and my daughter's records, I am facing a lot of difficulty, due to which I want to register my father's name as **Anand Kumar Jotwani** in my daughter's mark sheet and records, for which I am presenting an affidavit.

**Deponent**

## खबर संक्षेप

### पिपरिया गांव से चोरी हुई भैंस पोड़ी गरादा में बरामद

**सतना।** परसमनिया पहाड़ क्षेत्र में भैंस चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं,जिससे ग्रामीण परेशान हैं। अब तक दो दर्जन से ज्यादा भैंस चोरी हो चुकी हैं।इसी क्रम में,पिपरिया गांव के रहने वाले सुशील उर्फ भैयाराम विश्वकर्मा की दो भैंस दो दिन पहले चोरी हो गईं। उन्होंने इसकी सूचना परसमनिया चौकी में दी। सूचना मिलते ही भैंस मालिक के साथ विजय यादव,मदन लाल यादव और गिरधारी लाल यादव जैसे ग्रामीण,उंचेहरा थाने में तैनात सहायक उपनिरीक्षक संतोष सिंह,आरक्षक संतोष कुमार और अनुराग जैसवाल के साथ पोड़ी गरादा गांव पहुंचे। जांच के दौरान पता चला कि परसमनिया गांव के काशीदीन यादव ने ये भैंसें व्यापारियों को बेच दी थीं। पुलिस ने इस मामले में वाहन को जब्त कर लिया है और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है ताकि चोरों और उनके नेटवर्क का पता लगाया जा सके। यह घटना दर्शाती है कि क्षेत्र में पशु चोरी का एक संगठित गिरोह सक्रिय है। पुलिस और ग्रामीणों के बीच सहयोग से ही इन चोरियों को रोका जा सकता है। पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि जल्द ही इस मामले में संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### मैहर कोतवाली में शांति समिति की बैठक



**मैहर।** कोतवाली में गणेश उत्सव,दुर्गा पूजा और ईद मिलादुन्नवी को लेकर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह चौहान,टीआई अनिमेष द्विवेदी और तहसीलदार जितेंद्र पटेल की उपस्थिति में हुई इस बैठक में सभी से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस ने गणेश और दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए। इसमें मूर्तियों को केवल पारंपरिक स्थानों पर स्थापित करने,आयोजकों के नाम और मोबाइल नंबर दर्ज कराने, और 24 घंटे सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश शामिल थे। इसके अलावा,ध्वनि प्रदूषण,आग से बचाव और भड़काऊ संगीत पर भी सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का पालन करने पर जोर दिया गया।

### पहाड़ी चढ़ाई में ट्रक का ब्रेक फेल, बड़ा हादसा टला

**मैहर।** पहाड़ी पर चढ़ते समय एक ट्रक का ब्रेक फेल हो गया,जिससे वह अनियंत्रित होकर अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के गेट के सामने पलट गया। यह घटना सोमवार और मंगलवार की रात को हुई। यूपी 96 टी 2244 नंबर का यह ट्रक मैहर से बरही की ओर जा रहा था।जब ट्रक अनियंत्रित होकर पीछे लुढ़कने लगा,तो चालक महेश ने समझदारी दिखाते हुए कूदकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। बताया गया कि सोमवार सुबह भी इसी जगह पर इसी तरह की एक और घटना हुई थी,जिसमें चालक ने सूझबूझ से ट्रक को संभाला था।

### रामकुमार रजक बने रीवा संभाग के मीडिया प्रभारी



**मैहर।** नेशनल धोबी महासंघ,मध्य प्रदेश ने मैहर निवासी राम कुमार रजक को रीवा संभाग का नया मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। उनकी समाजसेवा और सक्रियता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश अध्यक्ष कपूर सिंह मालवीय ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए उम्मीद जताई कि राम कुमार रजक अपनी लगन और जागरूकता से समाज के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस नियुक्ति पर स्थानीय समाज के लोगों और शुभचिंतकों ने राम कुमार रजक को बधाई दी और उनके सफल भविष्य की कामना की।

### ढोल-नगाड़ों के साथ विराजेंगे गणपति



**सतना।** गणेश चतुर्थी का उल्लास अपने चरम पर है। बुधवार को घरों और पंडालों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना से पहले,पूरा शहर ढोल-नगाड़ों की गूंज से गूंज उठा है। मंगलवार सुबह से ही,शहर के अलग-अलग हिस्सों में गणेश प्रतिमाओं को ढोल और डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए उनके गंतव्य तक ले जाया जा रहा है। भक्तों का उत्साह देखते ही बनता है,जहां हर कोई 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों के साथ इस उत्सव का हिस्सा बन रहा है।

## खबर संक्षेप

### देवेंद्रनगर सलेहा रोड झिरियन मंदिर में चल रही 11 दिवसीय अखंड रामनाम संकीर्तन में पहुंच रहे भारी संख्या में श्रद्धालु



**देवेन्द्रनगर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1008 श्री वैष्णव पीठ झिरियन धाम सलेहा रोड देवेंद्रनगर में विश्व शांति जन कल्याण हेतु 11 दिवसीय अखंड रामनाम संकीर्तन का आयोजन समस्त नगरवासियों क्षेत्रवासी एवं भक्तगणों के सहयोग से किया जा रहा है जिसमें रामधुन की बैठकी 25 अगस्त 2025 से प्रारंभ हो चुकी है और जिसकी विधि विधान से पूजन शांति एवं भंडारा 5 सितंबर 2025 को किया जाएगा जिसमें भारी संख्या में भक्तगण मंदिर में धर्म लाभ लेने पहुंच रहे हैं वहीं मंदिर के महंत श्री 108 श्री विष्णु विक्रमाचार्य जी महाराज पुजारी जी एवं समस्त भक्तगणों द्वारा अपील की गई है कि चल रहे अखंड राम नाम संकीर्तन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ उठाएं।

### थाना प्रभारी की अवैध शराब विक्रेताओं पर लगातार कार्यवाही जारी



**अमानगंज।** अमानगंज स्थानीय पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्यारह पेटी अवैध शराब तकरीबन 68500 रूपये और स्विफ्ट मारुति कार कीमत तकरीबन दो लाख रुपए जब्त की है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र के विराशन मोड महेवा के पास से अवैध शराब की खेप लाई जा रही है। तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने दबिश दी और ग्यारह पेटियां बरामद कीं। पुलिस ने मौके से अज्ञात आरोपी जो मौके से फरार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसी कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### जिला मजिस्ट्रेट ने अलग-अलग मार्गो से बसों का आवागमन किया प्रतिबंधित



**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्टेट सुरेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर मोटर व्हीकल अधिनियम 1988 की धारा 115 एवं म.प्र. मोटर व्हीकल नियम 1994 के नियम 215 के अंतर्गत पन्ना शहर के अंदर यात्री बसों के आने जाने का मार्ग निर्धारित कर अलग-अलग मार्गों से बसों का आवागमन प्रतिबंधित किया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया था कि शहर के अंदर यात्री बसों के आने जाने का मार्ग निर्धारण न होने के कारण बस संचालकों एवं चालकों द्वारा मनमाने तरीके से अलग-अलग मार्गों से बसों का आवागमन किया जाता है। इस कारण शहर की यातायात व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। अब पन्ना नगर के अंदर यात्री बसों के आवागमन के निर्धारित मार्ग अनुसार सतना, अमानगंज एवं छतरपुर की ओर से आने वाली सभी यात्री बसें बस स्टैंड जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 से डायमंड चौराहा से ब्लॉक तिराहा होकर, बीटीआई तिराहा होते हुए बस स्टैंड जाएंगी। इसी तरह अजयगढ़ और पहाड़ीखेरा की ओर से आने जाने वाली सभी बसें सिटी पोस्ट ऑफिस तिराहा से छतरपुर बायपास होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 से मोहन निवास चौराहा-डायमंड चौराहा-ब्लॉक तिराहा होकर बीटीआई तिराहा से बस स्टैंड जाएंगी, जबकि बस स्टैंड से जाने वाली सभी बसें बेनीसागर तिराहा से अस्पताल तिराहा होकर ब्लॉक तिराहा से डायमंड चौराहा होते हुए गंतव्य स्थान की ओर जाएंगी।

### दो नाबालिक बच्चियों अमानगंज पुलिस ने किया दास्तयाव

**अमानगंज।** अमानगंज पुलिस थानाक्षेत्र से दो नाबालिक बच्चियों के अलग-अलग स्थान से अलग-अलग तारीखों में गुम होने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई और पुलिस ने दोनों ही मामलों में धारा 363 का मामला दर्ज करते हुए दोनो ही मामलों की पता साजी आरंभ कर दी जिसमें पुलिस को सफलता हाथ लगी है और दोनों ही बच्चियों को दस्तयाब करने में स्थानीय पुलिस सफल हुई है थाना प्रभारी महोदय ने बताया कि एक बच्ची को आंध्र प्रदेश करीमनगर से पकड़ने में सफलता हाथ लगी है जबकि दूसरी बच्ची हरियाणा हिसार से पुलिस को मिली है दोनों ही मामलों में पुलिस मोबाइल ग्रुप साइबर टीम पन्ना का सहयोग विशेष रूप से देखा गया है जबकि स्थानीय दो टीमें थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में सफलता पाई है।

## विशाल रक्तदान शिविर के साथ मनाया दादी जी का पुण्य स्मृति दिवस

# नम्रता की मूर्ति थी दादी प्रकाशमणि जी ब्रह्माकुमारी

### 91 यूनिट के साथ हुआ विशाल रक्तदान शिविर का समापन, ब्रह्माकुमारी





**पन्ना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में परम आदरणीय प्रकाशमणि दादी जी के 18 वें पुण्य स्मृति दिवस को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहन ने दादी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दादी जी का संपूर्ण जीवन सरलता,सहजता निस्वार्थ सेवा का अद्वितीय उदाहरण था उनका व्यक्तित्व स्नेह करुणा और उदारता से परिपूर्ण था दादी जी हर परिस्थिति में धैर्य और सहनशीलता के साथ मधुर वाणी से सबका मार्गदर्शन करती थी वे सदा एकता और विश्व बंधुत्व का संदेश देती रही और उनका विश्वास था की आत्मा भाईचारे की भावना से ही विश्व शांति की स्थापना संभव है, दादी जी का जीवन आज भी सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

#### दादी जी के बताए हुए आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

दादी जी के पुण्य स्मृति दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जो 22 अगस्त को देवेंद्र नगर से प्रारंभ हुआ डॉ अभिषेक जैन, तहसीलदार, टीआई साहब साहब, ब्लड बैंक मैनेजर सहित अन्य लोग की मौजूदगी में 18 यूनिट कलेक्ट किया गया, पवई में 24 यूनिट कलेक्ट किया गया, उपस्थिति रहे विधानसभा के विधायक प्रहलाद लोधी, डॉ नगायच समस्त स्टाफ पन्ना ब्लड बैंक में 30 यूनिट कलेक्ट किया गया, 25 अगस्त दादी जी की पुण्य स्मृति पर हुआ समापन जो की सुबह 10रू00 बजे से ब्लड बैंक पन्ना में आरंभ हुआ देर रात 8:00 बजे तक दानदाताओं का ताता लगा रहा, संस्था की तरफ से सभी रक्तदान दाताओं को सर्टिफिकेट, ईश्वरीय उपहार एवं प्रसाद आदि सप्रेम भेंट किया गया, कुल 91 यूनिट ब्लड बैंक पन्ना में जमा किया गया, ब्लड बैंक से जानकारी हुई की पहली बार इतना यूनिट जमा किया गया। ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी रक्तदान दाताओं का दिल से धन्यवाद देते हुए उनके स्वस्थ रहने की शुभकामना की।

## पर्यावरण को ध्यान में रखकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मकरी में हुआ पौधरोपण

### छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण व पौधरोपण के प्रति किया गया जागरूक



**पन्ना।** जलवायु परिवर्तन की समस्या के निदान एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित संस्था जीवन सुधा शिक्षा, जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण फाउंडेशन द्वारा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मकरी, जिला-पन्ना (मध्य प्रदेश) में प्रकृति संरक्षण पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में ष्जीवन सुधा फाउंडेशन की टीम द्वारा बच्चों को जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम के संचालक विजयपाल सिंह जी ने टीम के सदस्यों का परिचय कराते हुए, विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं बच्चों से टीम के सदस्यों द्वारा दी गई प्रेरणा को आत्मसात कर तदनुसार कार्य करते हुए, पर्यावरण व प्रकृति को बचाने में अपना अमूल्य योगदान देने का आग्रह किया। संस्था के संस्थापक एवं मुख्य मार्गदर्शक श्रीराम सिंह लोध जी ने बच्चों से जल की उत्पत्ति के बारे में प्रश्न किया एवं जल चक्र के बारे में विस्तार से बताया, उन्होंने जलवायु के संतुलन के लिए बच्चों से अपने-अपने घरों में कम से कम एक पेड़ लगाने की शपथ दिलवाई द्य सिंचाई विभाग से पूर्व इंजीनियर बी.एल.राजपूत जी ने संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति किये जा रहे कार्यों का वर्णन किया एवं बच्चों से इस दिशा में स्वयं प्रयास करने का आह्वान किया। संस्था के कृषि विशेषज्ञ हनुमान दास राजपूत जी ने प्रकृति व भगवान के बीच संबंध की विस्तार पूर्वक व्याख्या की द्य संस्था के सदस्य एवं पूर्व फौजी श्री राज ललन सिंह जी ने राजस्थान प्रदेश का उदाहरण देकर वृक्षों व वर्षा के बीच संबंध का विस्तार से वर्णन किया। संस्था के सदस्य समाजसेवी रामस्वरूप सिंह, अतिथि शिक्षक श्री सौरभ त्रिवेदी एवं, अतिथि शिक्षक नरेंद्र सिंह जी ने प्रकृति के संरक्षण के लिए पेड़ लगाने, उनका संरक्षण करने एवं जल की प्रत्येक बूंद बचाने का आग्रह सभी से किया द्य कार्यक्रम के अंत में जीवन सुधा फाउंडेशन संस्था द्वारा लाये गए कदंब, अशोक तथा गोल्ड मोहर के वृक्षों का बच्चों के द्वारा रोपण कराकर आगत पीढ़ी को स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण का उपहार देने का प्रयास किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ श्रीमती ममता विश्वकर्मा, श्रीमती खुशबू मिश्रा, सर्वश्री लखन लाल कोरी ,रामपाल सिंह, मुन्नीलाल राजपूत, नत्थू प्रसाद यादव, सनत कुमार पटेल एवं राकेश प्रजापति उपस्थित रहे। संस्था के मुख्य मार्गदर्शक श्रीराम सिंह लोध जी ने विश्व के सबसे महत्वपूर्ण विषय पर गोष्ठी के आयोजन के लिए माननीय प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

#### सिमरिया तहसील के पवई जनपद के ग्राम पंचायत बिरासन का मामला

## सरकार की योजनाओं की पोल खोलता बिरासन गाँव का मामला

### देर रात धान वितरण पर उठे सवाल, किसानों से वसूले गए 100-100 रुपये



**सिमरिया।** मास्टरमाइंड निकले कृषि विकास अधिकारी राकेश मौर्य आसपास के सभी गांव वासियों के किसानों का कहना है 20 साल से पदस्थ हैं कभी भी बीज नहीं बांटा समय पर ग्राम वासियों का कहना है रवी की फसल के समय पिछले साल मसूर जब कटाई पर आ गई थी तब गिने चुने लोगों को दिया बीच मसूर का बीज ग्रामवासियों ने लगाया ब्लैकमेलिंग का आरोप ग्राम वासियों का कहना है किसानों के हक पर डाला है डाका बना ली है करोड़ों अरबों की दौलतअवैध संपत्ति की हो जांच सरकार लाख योजनाएं चला रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कहीं और ही कहानी बयां करती है। ताजा मामला पन्ना जिले के पवई जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरासन का है, जहाँ धान वितरण में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं।

**देर रात बांटी जा रही थी धान-** ग्रामीणों के अनुसार 24 अगस्त की रात करीब 10 बजे गांव में धान का वितरण किया जा रहा था। सवाल उठता है कि आखिर आधी रात को सरकारी धान क्यों और किसके दबाव में बांटी जा रही थी। जब इस पर पवई के कृषि विकास अधिकारी ( ।क०) राकेश मौर्य से सवाल किया गया, तो उन्होंने सफाई देते हुए कहा द्ृ "मैं तो सिर्फ चाय पीने आया था।" और राकेश मौर्या से जब इस संबंध में पूछा गया तो कुछ कहने व बोलने से पहले अपना मुँह छुपाते नजर आये।

**किसानों से वसूले 100-100 रुपये-** लेकिन किसानों और ग्रामीणों ने अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि राकेश मौर्य ने अपने नजदीकी किसानों से वितरण के दौरान 100द्ृ100 रुपये वसूले। इतना ही नहीं, जब फसल कटाई का समय आया, तब उन्हीं किसानों को बितरण की गई धान।

**ग्रामीणों का गुस्सा-** इस पूरे घटनाक्रम से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका आरोप है कि सरकारी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही हैं और अधिकारी-कर्मचारियों की मिलीभगत से किसानों का शोषण किया जा रहा है।

**विभाग कटघरे में-** रात के अंधेरे में धान का वितरण, किसानों से रुपये वसूली और कटाई के समय धान बितरण करने की शिकायतों ने कृषि विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## दो नाबालिग बालिकाओं को अलग-अलग स्थानों से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा गया



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार थाना सलेहा क्षेत्रान्तर्गत अलग-अलग दिनांक को लापता हुई दो नाबालिग बालिकाओं को पन्ना पुलिस द्वारा सतना एवं महाराष्ट्र से सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। अलग-अलग फरियादियों द्वारा अलग-अलग दिनांक को थाना सलेहा में अपहरण संबंधी रिपोर्ट करने पर फरियादियों के बताये अनुसार अलग-अलग अपराध क्रमांक 240/2025 एवं 241/2025 धारा 137(2) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध किये जाकर विवेचना में लिये गये थे। दर्ज किये गये अपराधो की जानकारी थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा तत्काल थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया जाकर अपहत बालिकाओं की दस्तायबी हेतु उचित दिशा निर्देश दिये गये। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार गठित टीम द्वारा अपहताओं की जानकारी के संबंध में लगातार प्रयास किये गये एवं अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। मामले में मुखबिर सूचना के आधार पर दोनो अपहताओं को अलग-अलग दिनांक को महाराष्ट्र एवं सतना से सकुशल दस्तयाब किया गया है।

सराहनीय योगदान - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उप निरीक्षक बलबीर सिंह, सउनि भैयामन सिंह, सउनि सुशील तिर्की, प्र.आर. गोविन्द सिंह, विपिन पाण्डेय, आदित्य कुशवाहा, आर. बीपेन्द्र कुशवाहा, महिला आरक्षक सृष्टि तिवारी, नेहा रैकवार, चालक प्र.आर. अशोक चौरसिया एवं सायबर सेल पन्ना टीम का विशेष योगदान रहा है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है। अपनी-अपनी नाबालिग बेटियों के सकुशल घर लौटने पर परिजनों द्वारा पुलिस टीम को धन्यवाद देते हुए कार्य की सराहना की गई है।

## हरतालिका तीज व्रत सुहागिन महिलाओं के साथ अविवाहित कन्याओं की मान्यता को लेकर मनाया



**पन्ना।** समूचे जिले में जहां हरतालिका तीज वृत आज बड़े ही श्रद्धा भाव से सुहागिन महिलाओं एवं अविवाहित कन्याओं द्वारा रखा गया समूची रात जागरण भी इस वृत में प्रमुख है निर्जला वृत महिलायें रहती है यह वृत धार्मिक मान्यता के अनुसार मां पार्वती ने भगवान षिव को पति रूप में पाने के लिये तपस्या जो की थी उसी के परिपालन में आज भी समूचे देष में यह वृत कठिन तपस्या के रूप में सुहागिन महिलायें तथा अविवाकहित कन्यायें रखती है जो आज हरतालिका तीज वृत के नाम से महिलाओं के श्रद्धा भाव से रखा हमारी संस्कृति धार्मिक मान्यताओं से जोड़ते हुये जीवन की दिषा को ग्रहस्थ जीवन में आगे बढाती है आज का दिन जहां धार्मिक आस्था के साथ-साथ सुहागिन महिलाओं व अविवाहित कन्याओं द्वारा हरतालिका तीज का वृत रखा गया यह वृत निर्जला रखा जाता है पानी तक नहीं पिया जाता धार्मिक मान्यता ऐसी है कि मां पार्वती ने भगवान षिव को वर रूप में पाने के लिये कठोर तपस्या की थी जिसमें यह निर्जला वृत भाद्र मास के शुक्ल पक्ष के तृतिया तिथि में तीजा के नाम से जाना जाता है। इस वृत में जहां रात्रि जागरण भी महत्वपूर्ण है संपूर्ण रात्रि भगवान षिव की आराधना में महिलायें पूजा अर्चना करती है इस वृत में मां पार्वती के अनुकरण को लेकर हमारे देष में महिलायें इस वृत को बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ रहती है वहीं भगवान षिव ने मां पार्वती की आराधना भक्ति स्वीकार करते हुये उन्हें पत्नि रूप में उन्हें स्वीकार किया था इसलिये हरतालिका तीज का वृत अपने आप में जहां महत्वपूर्ण वृत माना जाता है यह वृत अपने आप में निर्जला वृत होने के कारण से भी कठोर माना गया है क्योंकि जहां अन्न जल आदि ग्रहण नहीं किया जाता लगभग रात्रि के 12 बजे महिलायें पूजा अर्चना करके जहां विषेष रूप से रात्रि जागरण की दिषा तय करती है। सफलत तपस्या को लेकर यह वृत मां पार्वती के द्वारा जो की गई उसी के परिपालन में आज भी ग्रहस्थ जीवन में सुहागिन महिलाओं के द्वारा इस वृत को श्रद्धाभाव के साथ रखा जाता है भगवान भोलेनाथ की आराधना की जाती है वहीं अविवाहित कन्यायें भी इस वृत को रखने को लेकर भी जानी जाती है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस 2025: जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर खेल कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में हुई बैठक



**पन्ना।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर आगामी 29 से 31 अगस्त तक विभिन्न खेल कार्यक्रमों के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य फिटनेस के प्रति जागरूकता तथा फिट रहने के लिए सतत खेल एवं योग इत्यादि गतिविधियों से जोड़ना है। जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न खेल कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में आज जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विभाग के अधिकारियों, क्रीड़ा शिक्षक एवं प्रशिक्षकों की बैठक लेकर शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों की सहभागिता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक दिवस की खेल गतिविधियों के आयोजन की रूपरेखा, मेजर ध्यानचंद की जयंती पर शपथ कार्यक्रम और जागरूकता साइकिल रैली के दृष्टिगत भी आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रथम दिवस शुक्रवार को सभी विद्यालयों में सुबह की सभा में मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि, फिट इंडिया शपथ और 60 मिनट के टीम एवं मनोरंजक खेल होंगे। इसके अलावा छत्रसाल स्टेडियम पन्ना में प्रतिदिन सुबह एवं शाम को निर्धारित खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस क्रम में द्वितीय दिवस शनिवार को स्कूल-कॉलेज स्तर की खेल वाद-विवाद, फिटनेस वार्ता, स्वदेशी खेलों पर आधारित खेल प्रतियोगिताएं और इनडोर खेल की गतिविधि निर्धारित है। तृतीय एवं अंतिम दिवस रविवार को नगरवासियों सहित खिलाड़ी एवं विद्यार्थियों की सहभागिता से शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए संडे ऑन जागरूकता साइकिल रैली भी निकाली जाएगी। खुली श्रेणी में वरिष्ठ नागरिक भी विभिन्न खेल एवं योग की गतिविधियों में शामिल हो सकेंगे, जबकि शाला एवं महाविद्यालय स्तर पर खेल की अलग-अलग विधाओं में पंजीयन कराया जा सकता है। फिट इंडिया वेबसाइट के अतिरिक्त क्यूआर कोड के जरिए भी पंजीकरण कराने की सुविधा उपलब्ध है। कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा कि खेल कार्यक्रमों के दृष्टिगत समय पूर्व आवश्यक तैयारी पूर्ण कर लें। स्कूल एवं कॉलेज द्वारा बेहतर खिलाड़ियों के चयन की कार्यवाही की जाए। उन्होंने महिला एवं पुरूष टीम के चयन सहित साइकिल रैली के आयोजन के संबंध में जरूरी तैयारी तथा विकासखण्ड स्तर पर आयोजित किए जाने वाले खेल कार्यक्रमों के भी सफल आयोजन के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने खेल विधाओं में शामिल होने वाले स्कूल तथा समस्त विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजन के संबंध में निर्देशित किया। साथ ही छात्र खिलाड़यिों की सहभागिता, खेल गतिविधियों के आयोजन सहित टीम और निर्णायक मंडल के गठन के संबंध में चर्चा की। बताया गया कि इसमें आयु सीमा का कोई बंधन नहीं रहेगा। प्रत्येक स्कूल से महिला एवं पुरूष की दो-दो टीम का गठन किया जाएगा, जबकि महाविद्यालय स्तर पर बैडमिंटन एवं खो-खो खेल प्रतियोगिता का आयोजन टीम गठित कर किया जाएगा। बैठक में उपस्थितजनों द्वारा आवश्यक सुझाव भी दिए गए।

### एथलेटिक्स में दो श्रेणी निर्धारित

खेल कार्यक्रमों के आयोजन के लिए हुई बैठक में जानकारी दी गई कि हर स्कूल से एथलेटिक्स, गोला फेंक, भाला फेंक, खो-खो और कबड्डी के लिए विद्यार्थियों का चयन किया जाना है। एथलेटिक्स की दो श्रेणियों क्रमशः 100 मीटर एवं 400 मीटर के लिए तीन-तीन टीम बनाई जाएगी, जबकि खो-खो एवं कबड्डी के लिए दो-दो टीम गठित होगी। गोला एवं भाला फेंक प्रतियोगिता के लिए एक-एक खिलाड़ी का चयन स्कूलों द्वारा किया जाएगा। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी एस.पी.एस. बघेल सहित सहायक संचालक शिक्षा अमित जैन, क्रीड़ा अधिकारी राजेश मिश्रा, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली रोहित मिश्रा, धीरज कुमार वर्मा एवं खेल प्रशिक्षक निधि राय, प्रीति रजक, समन्वयक मुस्तकीम खान, गोसिया, मनोज खरे के अलावा पीटीआई तेज बहादुर, रामचरण खंगार, हर्षिता विश्वकर्मा, छत्रसाल महाविद्यालय के खेल अधिकारी धर्मेन्द्र यादव, शिवप्रसाद मिश्रा, जिला फुटबॉल संघ से सुरेन्द्र सिंह परमार, अमर बहादुर सिंह, एथलेटिक्स संघ से मनोज गुप्ता भी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## 28वीं मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग चैंपियनशिप में ईशान ने बनाई जगह



छतरपुर। मध्यप्रदेश के मऊ में आयोजित 28वीं राज्य शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में छतरपुर के तीन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर राज्य खेलों के लिए क्वालिफाई किया। इनके कोच के मार्गदर्शन और खिलाड़ियों की मेहनत ने इस उपलब्धि को संभव बनाया। 7 से 14 अगस्त तक सेना के मार्क्समैन यूनिट, मऊ में आयोजित 28वीं मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में छतरपुर के ईशान सिंह चौहान, देवाशीष भाटेले और अमित पटेल ने अपने वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य खेलों के लिए जगह बनाई। तीनों खिलाड़ियों ने अपनी श्रेणियों में शानदार निशानेबाजी का प्रदर्शन कर न केवल प्रतियोगिता में दबदबा बनाया, बल्कि अपनी प्रतिभा से सभी का ध्यान खींचा। इस सफलता के पीछे उनके कोच प्रिंस शुक्ला का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जो तीन बार राष्ट्रीय स्तर के शूटर रह चुके हैं। प्रिंस शुक्ला ने खिलाड़ियों को तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता और आत्मनियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया। खिलाड़ियों ने बताया कि कोच का अनुभव और प्रशिक्षण शैली उन्हें कठिन मुकाबलों में आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन करने में मददगार रही। ईशान सिंह चौहान ने कहा कि प्रिंस सर ने उन्हें न केवल शूटिंग की बारीकियां सिखाईं, बल्कि एक खिलाड़ी की सोच और आत्मनियंत्रण का पाठ भी पढ़ाया। देवाशीष भाटेले और अमित पटेल ने भी अपनी सफलता का श्रेय कोच को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में वे भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

## पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर पति ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

छतरपुर। सटई थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपनी पत्नी और उसके परिवार की प्रताड़ना से तंग



आकर जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। मृतक के पिता ने बहू और उसके परिवार पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस से जांच और कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सटई थाना क्षेत्र के अतरार गांव निवासी बाबू कुशवाहा (26 वर्ष) की शादी आठ साल पहले बक्शी के पुरवा निवासी वर्षा कुशवाहा से हुई थी। दंपति के एक बेटा और बेटी भी हैं। मृतक के पिता हल्लू कुशवाहा के अनुसार, शादी के बाद पत्नी वर्षा और उसके परिवार ने कई बार बाबू के खिलाफ सटई थाने में मारपीट की शिकायत दर्ज कराई थी। आपसी समझौते के बाद दोनों साथ रहने लगे, लेकिन पिछले छह महीनों से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। वर्षा ससुराल में रहना नहीं चाहती थी और छह महीने से अपने मायके में थी। दो दिन पहले वह मायके वालों के साथ वर्षा ससुराल पहुंची, जहां ससुराल पक्ष के साथ उनका वाद-विवाद हुआ। इस दौरान दोपहर करीब 1 बजे बाबू कुशवाहा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हल्लू कुशवाहा ने आरोप लगाया कि बहू वर्षा और उसके परिवार ने बाबू के साथ मारपीट की और लंबे समय से उसे प्रताड़ित कर रहे थे, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। उन्होंने पुलिस से मामले की गहन जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## रेलवे लाइन दोहरीकरण के लिए जमीन अधिग्रहण में लाई जाएगी तेजी

# कलेक्टर ने रेलवे अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

झांसी-मानिकपुर रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना को गति देने के लिए कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में नौगांव सर्किट हाउस में रेलवे अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई।

हरपालपुर।



इस बैठक में चपरन गांव में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज करने और मकान मालिकों के मुआवजे के मुद्दे पर चर्चा हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार झांसी-मानिकपुर रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना के तहत चपरन गांव में 35 मकान मालिकों की जमीन अधिग्रहण की जानी है। 9 अप्रैल 2025 को पारित अवार्ड के तहत आपसी सहमति से क्रय नीति के आधार पर 10 मकान मालिकों के रजिस्टर्ड विक्रय पत्र रेलवे विभाग द्वारा तैयार कराए जा चुके हैं। शेष 25 मकान मालिकों के विक्रय पत्र तैयार करने के लिए रेलवे अधिकारियों ने जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल से प्रक्रिया में तेजी लाने का अनुरोध किया। रेलवे प्रशासन ने एक सप्ताह में शेष विक्रय पत्र तैयार करने की सहमति दी। कलेक्टर ने नौगांव एसडीएम को जमीन खाली कराने और हस्तांतरण की प्रक्रिया के लिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। गौरतलब है कि रेल प्रशासन ने 27 जुलाई को 35 मकान मालिकों को नोटिस जारी कर तीन दिन में मकान खाली करने को कहा था। इससे परेशान चपरन गांव के प्रभावितों ने जनसुनवाई में जिला कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि 35 में से केवल 10 मकान मालिकों को मुआवजा राशि दी गई, जबकि शेष 25 को कोई भुगतान नहीं हुआ। बिना मुआवजे के वे अपनी जमीन और मकान खाली करने को तैयार नहीं हैं। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए यह बैठक आयोजित की गई, ताकि परियोजना में तेजी लाई जा सके और प्रभावितों को उचित मुआवजा सुनिश्चित हो। बैठक में एसडीएम जी.एस. पटेल, उत्तर मध्य रेलवे झांसी के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## असामाजिक तत्वों ने खंडित की बजरंगबली की प्रतिमा

### विहिप ने दी आंदोलन की चेतावनी, पुलिस ने शुरू की जांच



छतरपुर।

लवकुशनगर थाना क्षेत्र के पुरा गांव में बीती रात अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा हनुमान जी की पुरानी मूर्ति को खंडित करने की घटना ने ग्रामीणों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। विश्व हिंदू परिषद ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

पूरा गांव में हुई इस घटना की खबर सोशल मीडिया पर तेजी से फैलने के बाद ग्रामीणों में गुस्सा व्याप्त है। लोग आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के जीतेंद्र शर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। घटना की सूचना मिलते ही लवकुशनगर थाना प्रभारी अजय अम्बे और जुझार नगर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। प्रशासन ने ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर में नई मूर्ति स्थापित करने का आश्वासन दिया है। एसडीओपी लवकुशनगर नवीन दुबे ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़कर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## कलेक्टर ने राजनगर की सुनी लोगों की समस्यायें

# दर्जनों आवेदनों पर सुनवाई कर दिए निराकरण के निर्देश

छतरपुर।



कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई जनपद पंचायत राजनगर के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। जिला प्रशासन का यह नवाचार आमजन की सुविधा के दृष्टिगत शुरू किया गया है। इस नवाचार से लोग उत्साहित और खुश नजर आए। राजनगर में कलेक्टर श्री जैसवाल ने जनसुनवाई में 72 शिकायती आवेदनों की सुनवाई की और जिला अधिकारियों को प्राप्त शिकायती आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने जनसुनवाई में 37 आवेदकों की समग्र से आधार ई केवायसी को डी लिंक किया गया। जनसुनवाई में राजस्व विभाग से संबंधित 29 आवेदन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 08, नगरीय निकाय के 04, शिक्षा विभाग की 03, स्वास्थ्य विभाग की 01, पुलिस विभाग के 02, वन विभाग के 01, महिला बाल विकास के 08, मत्स्य के 3, ऊर्जा विभाग 01, आबकारी विभाग के 01, लोकसेवा के 01, जनजातीय कार्य विभाग 02, भू-अभिलेख के 01, कलेक्टर रीडर के 01, एनआरएलएम के 01 प्राप्त हुए। साथ ही प्राप्त 05 आवेदनों को टीएल में दर्ज करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों का अवलोकन कर कलेक्टर ने अधिकारियों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एसडीएम प्रशांत अग्रवाल, एसडीओपी, तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# बागेश्वर धाम के खिलाफ झूठी खबरों और अनर्गल टिप्पणियों पर हो कानूनी कार्रवाई

### धाम के विधि सलाहकार ने पुलिस अधीक्षक को दिया आवेदन

छतरपुर।



बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ सोशल मीडिया और यूट्यूब पर फैलाए जा रहे फर्जी वीडियो और अनर्गल टिप्पणियों के विरोध में मंगलवार को धाम के विधि सलाहकार अधिवक्ता रवि पांडे ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर, मामले की साइबर जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

धाम के विधि सलाहकार अधिवक्ता रवि पांडे ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय संत और सनातन धर्म के करोड़ों अनुयायियों के महंत, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ कुछ लोग यूट्यूब और सोशल मीडिया पर गलत वीडियो बनाकर वायरल कर रहे हैं। ये वीडियो केवल दर्शकों की संख्या बढ़ाने और धार्मिक सामग्री के नाम पर व्यापार करने के लिए बनाए जाते हैं, जिससे बागेश्वर महाराज की छवि को धूमिल करने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ विधर्मी देश में गलत माहौल बनाने के लिए बिना जांच-पड़ताल के फर्जी वीडियो और आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और साइबर सेल के माध्यम से इन फर्जी वीडियो की जांच हो। पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया है कि खजुराहो के एसडीओपी और साइबर सेल के जरिए मामले की जांच कराई जाएगी। इसके बाद फर्जी वीडियो डालने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सपा ने उठाया छतरपुर में हो रहे भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी का मुद्दा

### प्रदेशाध्यक्ष ने की प्रेसवार्ता दी आंदोलन की चेतावनी

छतरपुर।



समाजवादी पार्टी (सपा) ने जिले में बढ़ते भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी के खिलाफ आवाज बुलंद की है। मंगलवार को सपा के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता में कैग रिपोर्ट के खुलासों को लेकर सरकार पर निशाना साधा और दोषी अधिकारियों व नेताओं पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जरूरत पड़ी तो पार्टी आंदोलन और भूख हड़ताल भी करेगी।

मंगलवार को सर्किट हाउस में दोपहर 12 बजे आयोजित प्रेस वार्ता में सपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव और जिलाध्यक्ष कपूर सिंह यादव ने हिस्सा लिया। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने कहा कि कैग रिपोर्ट में सामने आए भ्रष्टाचार के सबूतों के बावजूद दोषी अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। समाजवादी पार्टी की मांग है कि कानून-व्यवस्था सुचारू रूप से चले और भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों, चाहे वे भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हों, पर सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने करोड़ों रुपये के खनन घोटाले और सहारा मामले में गरीबों के पैसे की लूट का जिक्र करते हुए कहा कि सपा हमेशा गरीबों और किसानों के हक के लिए लड़ती रही है। डॉ. यादव ने कहा कि सपा घोटालों के खिलाफ आवाज उठाएगी, चाहे इसके लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन देना पड़े या संबंधित संस्थाओं तक जाना पड़े। डॉ. यादव ने केन-बेतवा परियोजना में विस्थापितों को दिए जा रहे 25 हजार रुपये के मुआवजे को अपर्याप्त बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव ने मुआवजे के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश बनाए थे, लेकिन मध्यप्रदेश सरकार भेदभाव कर रही है। डॉ. मनोज यादव ने बताया कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस मुद्दे को संसद में भी उठाया है। उन्होंने कहा कि सपा देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है और जब तक किसानों और गरीबों को न्याय नहीं मिलेगा, वह उनकी आवाज उठाती रहेगी। डॉ. यादव ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो किसानों को साथ लेकर आंदोलन किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो भूख हड़ताल भी होगी। उन्होंने 2028 के चुनाव में भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकने

## निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में तीन सैकड़ा मरीजों की हुई

### मोतियाबिंद के आधा सैकड़ा मरीज ऑपरेशन के लिए चित्रकूट रवाना



छतरपुर। शहर के हनुमान टौरिया मंदिर में मंगलवार को हनुमान टौरिया सेवा समिति द्वारा स्व. राममिलन अग्निहोत्री की स्मृति में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अग्निहोत्री परिवार के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें 300 मरीजों की आंखों की जांच की गई और 50 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया।समिति के गिरजा पाटकर ने बताया कि चित्रकूट के सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय से आए डॉ. अरविंद मिश्रा सहित 10 सदस्यीय टीम ने 300 नेत्र रोगियों की जांच की। इसमें 50 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया, जबकि अन्य मरीजों को दवा और चश्मा वितरित किए गए। इस शिविर की खास बात यह रही कि अग्निहोत्री परिवार के सभी सदस्य सपरिवार मौजूद रहे और उन्होंने मरीजों के रजिस्ट्रेशन, भोजन सेवा, दवा और चश्मा वितरण में व्यक्तिगत रूप से योगदान दिया। इस अवसर पर मुकेश अग्निहोत्री, विजय, अजय, नीरज, अनुसुइया, शालिनी, सत्यम शर्मा, कपिल, मेघल नायक, कैलाश पाठक, ऋषभ, चंपाराम, रामकृपाल, लखन सोनी, प्रकाश जैन, प्रदुम गुप्ता, प्रभा वैध, पूर्ण गुप्ता, डॉ. स्वतंत्र शर्मा, संतोष नामदेव, मयंक नामदेव, हर्ष रैकवार, राज बर्मा, छोटू विश्वकर्मा, मद्दू नेता सहित हनुमान टोरिया सेवा समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# 30 को छतरपुर आएंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कमिश्नर, आईजी ने किया तैयारियों का निरीक्षण

छतरपुर।



आगामी 30 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर छतरपुर में आयोजित होने जा रहे जन्माष्टमी समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। मंगलवार को सागर कमिश्नर और आईजी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान विधायक ललिता यादव, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, डीआईजी ललित शाक्यवार, एसपी अगम जैन और जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार मौजूद रहीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 12 बजे कमिश्नर अनिल सुचारी और आईजी हिमानी खन्ना ने आयोजन स्थल मेला ग्राउंड में चल रहीं तैयारियों का निरीक्षण किया। कमिश्नर अनिल सुचारी ने बताया कि उन्होंने और आईजी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं, साथ ही व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई, जिसमें मार्ग और हेलीपैड की जांच भी शामिल है। वहीं विधायक ललिता यादव ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में 30 अगस्त को कार्यक्रम होने जा रहा है। इस बार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे गौरगांय के पास बनने वाले भगवान श्रीकृष्ण धाम का भूमि पूजन करेंगे और चल समारोह में भी हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री करीब 2 घंटे 20 मिनट छतरपुर में रहेंगे, जिसमें मंच कार्यक्रम और चल समारोह शामिल होगा। उन्होंने सभी जिला वासियों और धर्म प्रेमियों से इस आयोजन में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की। गौरतलब है कि पहली बार कोई मुख्यमंत्री छतरपुर के जन्माष्टमी महोत्सव में हिस्सा लेने आ रहा है, जिससे जिले में उत्साह का माहौल है।

## रिकॉर्डः ब्रह्माकुमारीज़ ने रक्तदान शिविर लगाकर जोड़ा 284 यूनिट रक्त



छतरपुर। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित रक्तदान महा अभियान ने 284 यूनिट रक्त संग्रह के साथ जिला रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 22 से 25 अगस्त तक चले इस शिविर में विभिन्न तहसीलों और शहर के लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, जिसे मूल्यों का उत्सव के रूप में मनाया गया। छतरपुर सेवाकेंद्र प्रभारी और समाज सेवा प्रभाग की जोनल कोऑर्डिनेटर बीके शैलजा ने बताया कि यह रक्तदान अभियान ब्रह्माकुमारीज़ की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की याद में आयोजित किया गया। चार दिनों में जिले भर में कुल 284 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। पहले दिन 22 अगस्त को खजुराहो में 18 यूनिट, लवकुशनगर में 17 यूनिट, दूसरे दिन 23 अगस्त को घुवारा में 33 यूनिट, बड़ामलहरा में 9 यूनिट, तीसरे दिन 24 अगस्त को किशोर सागर, छतरपुर में 137 यूनिट और चौथे दिन 25 अगस्त को बिजावर में 15 यूनिट व किशोर सागर में 56 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इसमें 192 यूनिट छतरपुर और 92 यूनिट अन्य तहसीलों से प्राप्त हुए। यह रक्त छतरपुर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक को जरूरतमंदों की सेवा के लिए सौंपा गया। जिला अस्पताल की मेडिकल टीम ने कहा कि उन्होंने कई शिविर देखे, लेकिन इतने उत्साह और श्रद्धा के साथ रक्तदान पहली बार देखा। खास तौर पर महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी को उन्होंने सराहा। इस शिविर की खासियत रही कि 18 साल के युवाओं से लेकर 60 साल तक के बुजुर्गों ने पहली बार रक्तदान किया।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदकों की सुनी गई समस्याएं



**रीवा ।** जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई करते हुए सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों पर समाधानकारक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 73 प्रकरणों की सुनवाई की गई। सहायक कलेक्टर दृष्टि जायसवाल, डिप्टी कलेक्टर राजेश सिन्हा, सुधीर कुमार बेक एवं सुधाकर सिंह ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं। जनसुनवाई में बृजश्याम सिंह दोदर ने सीमांकन रिपोर्ट अनुसार कार्यवाही करने, रामाश्रय सेन शिवपुर्वा ने रिकार्ड में अवैध नाम दर्ज कराने में सुधार तथा संकठा प्रसाद पाण्डेय लौआ के खसरा त्रुटि सुधार से संबंधित आवेदनों पर संबंधित एसडीएम को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। छिरेहटा निवासी हिम्मत दुगानी के पट्टे की भूमि से अवैध कब्जा हटाने, भटलों निवासी राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा के घर के सामने से अतिक्रमण हटाने, गंगेव निवासी भगवानदीन सेन के अतिवृष्टि के कारण जल अवरूद्ध होने, पनवार निवासी त्रिशूली वर्मा के नक्शा तरमीम करने, कलावती निवासी हुजूर के वारिश के कारण घर गिर जाने पर क्षतिपूर्ति प्रदान करने तथा बाणसागर कालोनी निवसी रामनिहोर साकेत के जाति प्रमाण पत्र बनवाने के आवेदनों पर संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार अनिल जायसवाल निवासी चौर के निजी भूमि से खनिज भण्डार हटाने के आवेदन पर खनिज विभाग को, दशरथ साकेत निवासी कोठार के अंत्योदय कार्ड बनाने के आवेदन पर खाद्य विभाग को तथा बकिया कालोनी हुजूर निवासी पवन कुमार मिश्रा के घर के समीप विद्युत पोल की ऊंचाई अधिक करने के आवेदन पर विद्युत विभाग को समुचित कार्यवाही करने के लिये आवेदन प्रेषित किये गये।

### तैयारियां अंतिम चरण में, बाजारों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# रिद्धि सिद्धि संग आज पधारेंगे बप्पा, दस दिन चलेगा उत्सव, घरों और पंडालों में विराजेंगे प्रथम पूज्य

**रीवा । जिले में आज से 10 दिवसीय गणेशोत्सव का भव्य आरंभ होने जा रहा है। भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर बुधवार को गणपति बाप्पा के स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। धार्मिक आस्था और उत्सव की उमंग से सराबोर रीवा शहर में पंडालों की सजावट से लेकर घर-घर गणेश स्थापना की तैयारियों में श्रद्धालु जुटे हुए हैं। बाजारों में गणेश प्रतिमाओं की खरीदारी को लेकर रौनक चरम पर है। पंडितों और धर्मशास्त्रों के अनुसार इस वर्ष गणेश चतुर्थी का पर्व आज 27 अगस्त को मनाया जाएगा। चतुर्थी तिथि का मध्यान्ह काल दोपहर 10:49 बजे से 1:21 बजे तक है, जो कि स्थापना के लिए सर्वोत्तम माना गया है। शाम को भी पूजा-अर्चना का एक विशेष मुहूर्त रात्रि 7:50 से 10:40 बजे तक बताया जा रहा है।**

इसी काल में हजारों श्रद्धालु अपने घरों और सार्वजनिक पंडालों में गणपति की विधिवत स्थापना करेंगे। स्थानीय ज्योतिषाचार्य पं. नागेंद्र शास्त्री बताते हैं कि गणेश स्थापना का यह पर्व न केवल धार्मिक दृष्टि से, बल्कि सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि गणपति की स्थापना मिट्टी से बनी प्रतिमाओं से ही करें। मिट्टी की मूर्तियां पंचतत्वों से जुड़ी होती हैं और पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से भी उचित मानी जाती हैं।





### क्यों चढ़ाए जाते हैं 21 मोदक और दूर्वा

गणेश पूजन की परंपरा में 21 की संख्या का विशेष स्थान है। पूजा के दौरान भगवान गणेश को 21 मोदक, 21 दूर्वा, तथा 21 लड्डुओं का नैवेद्य अर्पित किया जाता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार यह संख्या उनके 21 अवतारों और 21 शक्तियों का प्रतिनिधित्व करती है। सिंदूर, चंदन, पुष्प, अक्षत, नैवेद्य सहित पंचोपचार विधि से भगवान गणेश की आराधना की जाती है।

### मूर्तिकारों को मिला सम्मान

गणेशोत्सव को लेकर शहर की प्रमुख सड़कें सज-धज कर तैयार हैं। नगर निगम द्वारा सफाई और विद्युत सज्जा की विशेष व्यवस्था की गई है। शहर के कलाकारों और मूर्तिकारों ने इस बार पारंपरिक के साथ आधुनिक शैली की मूर्तियां तैयार की हैं, जो भक्तों को आकर्षित कर रही हैं।

### गणपति बाप्पा मोरया की गूंज से गूंजेगा रीवा

आज 27 अगस्त से शुरू होकर यह उत्सव 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के दिन गणपति विसर्जन के साथ संपन्न होगा। इन 10 दिनों तक शहर के विभिन्न हिस्सों में आरती, भजन संध्या, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने खास इंतजाम किए हैं। जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहेगा और प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी की निगरानी भी की जाएगी।

### गणेश चतुर्थी की पूजन विधि

स्नान के बाद जिस स्थल पर प्रतिमा विराजित करनी है, उसे गंगाजल डालकर साफ करना चाहिए, भगवान गणेश की प्रतिमा को चौकी पर पीले रंग का कपड़ा बिछाकर स्थापित की जानी चाहिए. धूप दीप और अगरबत्ती जलाएं, ध्यान रखें, जब तक गणेश जी आपके घर में रहेंगे तब तक अखंड दीपक जलाकर रखें. गणेश जी के मस्तक पर कुमकुम का तिलक लगाएं फिर चावल दूर्वा-घास और पुष्प अर्पित करें. गणेशजी का स्मरण कर गणेश स्तुति और गणेश चालीसा का पाठ करें. इसके बाद ओम गं गणपते नमः का जप करें, भगवान गणेश की आरती करें, आरती के बाद गणेश जी को फल या मिठाई का भोग लगाएं। संभव हो तो मोदक का भोग जरूर लगाएं क्योंकि भगवान गणेश को मोदक प्रिय है। गणेश जी को जब तक अपने घर या पंडाल में रखें उन्हें अकेला ना छोड़े, कोई ना कोई व्यक्ति हर समय गणेश जी की प्रतिमा के पास रहें।

### कारोबार के लिए विशेष फलदायी

गणेश उत्सव से त्योहारी सीजन का भी प्रारंभ होता है। इस बार गणेश स्थापना के समय सुखद संयोग बन रहा है। 22 साल बाद दिन बुधवार, प्रीति योग, सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ ही सूर्य (रवि) के साथ इंद्र-ब्रह्म योग कल्याणकारी है। कर्क राशि में बुध और शुक्र का संयोग बनने से लक्ष्मी-नारायण योग बन रहा है, जो समृद्धि, धन और पारिवारिक जीवन के सुख का प्रतीक है। सोना-चांदी के जेवर से लेकर गाड़ी, मोटर, मकान, जमीन की खरीदारी फलदायी होगी।

## जमीन के सौदे में 15 लाख का चेक बाउंस



### सेवानिवृत्त डीएसपी को दो साल की सजा जिला सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला, पीड़ित को 17.20 लाख रुपये प्रतिकर देने का आदेश

**रीवा।** जमीन बिक्री के बदले 15 लाख रुपए का चेक बाउंस होने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रीवा ने सेवानिवृत्त डीएसपी रमाशंकर पाण्डेय पुत्र लखनलाल पाण्डेय 65 वर्ष निवासी द्वारिका नगर अमहिया को दो वर्ष का कारावास व परिवादी को प्रतिकर सहित 17 लाख 20 हजार रुपए की राशि अदा करने का आदेश सुनाया है। प्रतिकर की राशि अदान करने के व्यतिक्रम में अभियुक्त को 6 माह के साधारण कारावास की सुजा भुगतायी जाएगी। प्रकरण की पैरवी कर रहे अधिवक्ता ऋतेश गुप्ता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित राजकुमार गुप्ता निवासी जानकी पार्क ने अपने स्वत्य की नया करहिया पुराना अगडाल स्थित जमीन की बिक्री सन 2020 में की थी। बताया गया कि 1.20 एकड़ जमीन राजकुमार गुप्ता व 60 डिसमिल जमीन योगेश प्रसाद श्रीवास्तव की थी, जिसका सौदा 63 लाख रुपए में हुआ था। बताया गया कि उक्त भूमियों की जमीन 63 लाख दर्शाने पर रजिस्ट्री खर्ज जादा आता जिससे 24 लाख दर्शाई गई जो 3 नवंबर 2020 को दी गई थी। बताया गया कि इस बीच अलग-अलग किस्तो में कुछ पैसा दिया गया जिसमे 15 लाख रुपए बकाया था। शेष राशि की मांग करने पर रामशंकर पाण्डेय ने यूनियन बैंक का चेक 4 जून 2024 का दिया था। जब 7 जून को चेक लगाया गया तो डोरमेंट एकाउंट की टीम के साथ वह वापस आ गया। जिसके बाद पीड़ित ने चेक अनादरण के संबंध में अभियुक्त को सूचना पत्र भिजवाया ने जवाब नहीं दिया गया जिसके बाद वो न्यायालय की शरण में गए। न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर परिवारी को 17 लाख 20 हजार रुपए देने के आदेश के साथ ही अभियुक्त को सजा से दण्डित किया है।

## सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक की सभी शिकायतें निराकृत करें - कमिश्नर



**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागीय बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि संभागीय अधिकारी जिले और विकासखण्ड स्तर तक समीक्षा करके सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण कराएं। कोई भी प्रकरण बिना कार्यवाही के लेबल-1 से आगे न जाए। प्रकरणों में तथ्यपूर्ण प्रतिवेदन दर्ज करें। सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित सभी शिकायतों का एक सप्ताह में निराकरण सुनिश्चित करें। अभी भी ऊर्जा विभाग, खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इनके निराकरण पर विशेष ध्यान दें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित आवेदनों पर भी तत्काल कार्यवाही करें।कमिश्नर ने कहा कि ई आफिस में संभागीय अधिकारी अच्छा कार्य कर रहे हैं। अब तक ई आफिस के माध्यम से 3306 फाइलें जनरेट हुईं तथा 14337 फाइलों का मूवमेंट हुआ। संभागीय अधिकारी हर सप्ताह कम से कम 40 फाइलें ई आफिस के माध्यम से भेजें। श्रम पदाधिकारी निजी संस्थाओं में कार्यरत मजदूरों तथा डिलेवरी ब्वाय का पंजीयन ई श्रम पोर्टल पर कराएं। इसके लिए सभी जिलों में शिविर आयोजित करें। सुमंगल साइकिल अभियान में सभी अधिकारी मंगलवार को साइकिल अथवा ई रिक्शा का उपयोग करके नियमित भागीदारी निभाएं। कमिश्नर ने कहा कि सड़क निर्माण से जुड़े सभी अधिकारी बारिश का दौर कम होते ही सड़कों में सुधार का कार्य तत्परता से कराएं। इसके लिए टेण्डर की कार्यवाही तथा संसाधनों की व्यवस्था अभी से कर लें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य रक्षा तथा पोषण स्तर बढ़ाने के लिए महिला एवं बाल विकास द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिन गर्भवती महिलाओं में खून की कमी है। उनके घर जाकर परिवारजनों को गर्भवती महिला की उचित देखभाल तथा पोषण की समझाइश दी जा रही है। इन्हें यथासंभव पोषण आहार तथा फलों का उपहार भी दिया जा रहा है। जिला खनिज मद तथा कंपनियों के सीएसआर मद का उपयोग करके इस अभियान को गति देंगे। इसके लिए संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास प्रस्ताव तैयार करें। बैठक में कमिश्नर ने अधिकारियों को उर्वरक के वितरण की निगरानी, संक्रामक रोगों से बचाव तथा लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, अधीक्षण यंत्री पीएचई महेन्द्र सिंह, संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा एमएस पैकरा, क्षेत्रीय संचालक एमपीआईडीसी यूके तिवारी तथा सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## निजी विक्रेताओं को भी 479.65 टन यूरिया आवंटित

**रीवा ।** रीवा तथा मऊगंज जिले को 1300 टन यूरिया की रैक 24 अगस्त को प्राप्त हो गई है। इसकी पूरी मात्रा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को वितरित की जा रही है। इसके अलावा रीवा और मऊगंज जिले के लिए पुनः 479.65 टन यूरिया की रैक प्राप्त हुई है। इसकी पूरी मात्रा निजी विक्रेताओं को आवंटित की गई है। इस संबंध में जिला प्रबंधक मार्कफेड शिखा सिंह वर्मा ने बताया कि सेमरिया में इफको बाजार को 108 टन तथा गुप्ता खाद भंडार को 27 टन यूरिया आवंटित की गई है। इफको बाजार मनगवां में 85 टन तथा आर्य भार्गव निजी विक्रेता मनगवां को 54 टन खाद दी गई है। गढ़ में कर्तव्य मोटर्स को 27 टन, हनुमना में कामता खाद भण्डार को 31.5 टन, मोहन द्बुबे विक्रेता छिरूहा को 27 टन तथा राजेश गुप्ता गंगेव को 27 टन यूरिया खाद दी गई है। इसी तरह किसान सेवा केन्द्र रायपुर कर्चुलियान राज सिंह को 27 टन तथा लक्ष्मी ट्रेडर्स हिनौती को 36 टन खाद आवंटित की गई है। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सभी तहसीलदारों को खाद का व्यवस्थित वितरण कराने के निर्देश दिए हैं।

## रीवा में अब हाईवे बना अपराधियों का अड्डा, मनगवां में महिला से लूट गहने और नकदी लेकर फरार हुए बदमाश



**रीवा।** रीवा जिले में हाईवे पर सक्रिय बाइकर्स गैंग लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जिससे आमजन में भय का माहौल बना हुआ है। ताजा मामला मनगवां थाना क्षेत्र का है, जहां सोमवार शाम एक महिला को उस समय निशाना बनाया गया जब वह अपने पति के साथ बाइक से सफर कर रही थी।बता दे वारदात मनगवां थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर नेशनल हाईवे पर सेंगरी पुल के पास हुई। अंधेरा होने के साथ ही दोपहिया वाहन पर सवार बदमाशों ने तेजी से महिला का पर्स छीन लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़िता सीमा देवी वर्मा, निवासी ग्राम खाम्हा, ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनके पर्स में कीमती आभूषण और नकद रुपये रखे थे।महिला के अनुसार, बदमाशों ने करीब 1 लाख रुपये मूल्य के सोने के लॉकेट, चेन सहित 300 रुपये नकद भी लूट लिए। इस दौरान पीड़िता और उनके पति अचानक हुई इस वारदात से सहम गए, लेकिन जब तक वे कुछ समझ पाते, आरोपी फरार हो चुके थे। घटना की जानकारी मिलते ही मनगवां पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। **लगातार बढ़ रही हैं लूट की घटनाएं:** जिले में बीते कुछ महीनों से लूट, छिनैती और राहजनी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। खासकर शहर सहित नेशनल हाईवे और उससे सटे इलाकों में बाइकर्स गैंग का आतंक साफ देखा जा सकता है। इससे पहले सिविल लाइन और कोष्टा क्षेत्र में भी इसी तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें अधिकतर महिलाएं ही निशाना बनी हैं। वही अब तक की घटनाओं में पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिला है।

## केन्द्रीय जेल में स्वरोजगार मूलक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**रीवा ।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान एवं आरसेटी के सहयोग से जेल में परिरूद्ध दण्डित बंदियों को स्क्रीन प्रिन्टिग, ए.सी. रिपेरिंग एवं मोटर सायकिल रिपेरिंग के 35 दिवसीय स्वरोजगार मूलक प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई । प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रत्येक विधा में 35-35 बंदियों को विशेष प्रशिक्षको द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय द्वारा बताया गया कि बंदियों को प्रशिक्षण प्रदाय किये जाने का उद्देशय समाज से छूटे बंदियों को मुख्य धारा में लाना है तथा जेल से छूटने के पश्चात जीवनयापन हेतु रोजगारपरक कौशल का विकास करना है। पूर्व में भी केन्दीय जेल रीवा में परिरूद्ध महिला बंदियों को जूट उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण सफलता पूर्वक प्रदाय किया जा चुका है। कार्यक्रम के दौरान सतीश कुमार उपाध्याय जेल अधीक्षक, संजीव कुमार गेदले उप जेल अधीक्षक, श्यामसिंह कुशवाह सहायक जेल अधीक्षक, संगीत शिक्षक राजेश शुक्ला डायरेक्टर पुनीत चतुर्वेदी, अखिलेश मिश्रा, बंदीगण एवं समस्त जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।

## नईगढ़ी में मिट्टी गणेश सिद्ध गणेश की हुई कार्यशाला

मऊगंज। जिले के नईगढ़ी मे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण एवं मिट्टी गणेश सिद्ध गणेश अभियान का कार्यक्रम शासकीय सोमेश्वर सिंह महाविद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चतुर्वेदी विकास खण्ड समन्वयक नईगढ़ी मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विशिष्ट अतिथि प्राचार्य शासकीय कालेज, प्रोफेसर अराधना मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं अतिथियों द्वारा विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया ।माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के लिए विकास खण्ड समन्वयक ने प्रशिक्षण दिया गया तथा उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा मिट्टी की गणेश जी की प्रतिमा बनाई गई ।माटी गणेश सिद्ध गणेश घर घर गणेश हर घर गणेश बिराजे माटी गणेश अतिथियों द्वारा बताया गया कि यह मूर्ति जनहितकारी है समाज को नई दिशा देने वाली और पर्यावरण को स्वच्छ रखने वाली होती है साथ ही हर घर में गणेश जी विराजने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में नगर विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष नईगढ़ी आशीष शुक्ला,सुंदर ग्राम उत्थान समिति अंकौरी अध्यक्ष हीरालाल सोंधिया, स्व महादेव प्रसाद शुक्ल स्मृति शिक्षा समिति बहेरा कोठार प्रतिनिधि ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ला, नईगढ़ी लीड संस्था त्रिवेणी बहुद्देशीय जन कल्याण संस्था प्रतिनिधि रामसागर चतुर्वेदी, उत्कर्ष सेवा समिति मगनियां अध्यक्ष मुनि प्रसाद चतुर्वेदी, ओल्ड ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चपगवां प्रतिनिधि, परामर्शदाता पवन शर्मा राजरमन पटेल, ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ला, संदीप कुमार पाण्डेय, संदीप कुमार मिश्रा, रवी मिश्रा, चंदन कुमार पाण्डेय, ग्राम विकास प्रसफुटन समितियां के सदस्य नवांकुर सखी प्रेरक सीएमसीएलडीपी के छात्र उपस्थित रहे।



## स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय में सफाई अभियान एवं व्याख्यान माला का हुआ आयोजन



**मऊगंज।** जिले के देवतालाब के सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महानंद द्विवेदी के निर्देशन में महाविद्यालय की N.S.S. पुरुष इकाई द्वारा सदभावना पखवाड़ा के अंतर्गत सफाई अभियान एवं व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें व्याख्यान माला के मुख्य वक्ता डॉ लालबहादुर तिवारी ने विद्यार्थियो से संवाद करते हुए कहा की आपसी सदभाव, मेल जोल, भाईचारा का जीवन मे अत्यंत महत्व है, एवं आवश्यक भी है। उन्होंने सदभाव, मेलजोल, भाईचारा बनाये रखने हेतु प्रोत्साहित किया और भारतीय की पहचान के रूप मे रहने हेतु आव्हान किया। देश की एकता, अखंडता सम्प्रभुता सदैव बनी रहे इसके लिये आगे बढकर काम करने हेतु कहा। कार्यक्रम में उपस्थित N.S.S. वालंटियर द्वारा महाविद्यालय के कक्ष F-22 को सफ़ाई अभियान चलाकर समग्र रूप से साफ़ किया गया । महाविद्यालय से शिक्षकों में अ. प्रा ज्ञानेंद्र सिंह कर्चुली ने भी छात्रों से संवाद किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार कार्यक्रम अधिकारी प्रो रजनीश त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये आयोजित करे जागरूकता कार्यक्रम

**रीवा ।** मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ावर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया (कैबिनेट दर्जा प्राप्त) ने अपने रीवा प्रवास के दौरान पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से प्राप्त होने वाली योजनाओं समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले तथा अन्य हितग्राही सभी योजनाओं का लाभ लें सके इसके लिये जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जांय।कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में डॉ. कुसमरिया ने कहा कि छात्रों के छात्रवृत्ति का समय पर लाभ मिले तथा अन्य विभागीय योजनाओं का लाभ वर्गों के व्यक्ति ले सके इसके लिये उन्हें जागरूक किया जाय। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2024-25 में 16402 छात्रों ने पिछड़ावर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिये आवेदन किया जिसमें से 12895 छात्रों को छात्रवृत्ति स्वीकृत कर 7357 छात्रों का इसका भुगतान किया गया। पिछड़ावर्ग के विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले एक छात्र को 73 लाख 46 हजार 82 रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। इसी प्रकार 4 मेधावी छात्रों को 30 हजार रूपये की पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई तथा यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले एक छात्र को एक लाख रूपये एवं एमपीपीएससी में सफल होने वाले 70 विद्यार्थियों को 12 लाख 80 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि के तौर पर प्रदान किये गये।

**नाम सुधार सूचना**
मै मनमोहन शाह पिता श्री भागीरथी साहू उम्र 38 वर्ष, निवासी जमुआ, पोस्ट वैढन तह. व जिला सिंगरौली (म.प्र.) का निवासी हूँ यह कि PRINCE KUMAR SHAH मेरा पुत्र है जिनका मै पालक/संरक्षक हूँ । मेरे उक्त पुत्र के स्कूल रिकार्ड मे माता का नाम KAMLESHU DEVI SHAH अंकित हो गया है जब कि मेरे उक्त माता के समस्त रिकार्ड व आधार कार्ड मे माता का नाम KAMLESHU SHAH लिखा है। मै अपने उक्त पुत्र के स्कूल रिकार्ड मे अंकित माता का नाम KAMLESHU DEVI SHAH को सुधार कर KAMLESHU SHAH लिखाना चाहता हूँ जो कि मेरे समस्त रिकार्ड मे अंकित है जिस वावत यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ ।
शपथकर्ता